## प्रेस नोट

## थाना ककरबई,जनपद- झांसी

**दिनाँक 13.07.2026**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही.**
- **थाना ककरबई पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान चोरी से संबंधित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया,**
- **कब्जे से चोरी गयी सोलर प्लान्ट में लगने वाली कॉपर की तार, अवैध असलहा व कारतूस बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बी.बी.जी.टी.एस .मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 13.07.2026 को समय करीब 03.15 बजे थाना ककरबई पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पंजीकृत मु0अ0सं0- 37/2026 धारा 303(2) से संबंधित अभियुक्त- राज यादव पुत्र चन्द्रमोहन यादव निवासी- ग्राम कईपई, थाना- ओरछा, जिला- निवाड़ी(म0प्र0) को पुलिस मुठभेड़ के दौरान धमनौड़ रोड़ के पास, थाना ककरबई से गिरफ्तार किया गया। अन्य एक अभियुक्त- लल्लू यादव पुत्र अज्ञात निवासी- ग्राम खिरकन, थाना- बबीना, झांसी मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गयी सोलर प्लान्ट में लगने वाली कॉपर की तार, तार काटने वाला कटर, पेंचकस, 01 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिंदा कारतूस, 01 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना ककरबई पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-** राज यादव पुत्र चन्द्रमोहन यादव निवासी- ग्राम कईपई, थाना- ओरछा, जिला- निवाड़ी(म0प्र0)

**कुल बरामदगी-**

कब्जे से चोरी की गयी सोलर प्लान्ट में लगने वाली कॉपर की तार, तार काटने वाला कटर, पेचकस, 01 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिंदा कारतूस, 01 अदद खोखा कारतूस,

**पुलिस टीम -**

थानाध्यक्ष ककरबई मय टीम